GYANSHILA IAS
Learning Institute

DAILY GENERAL AWARENESS QUIZ

www.gyanshilaias.com gyanshilaiasindia@gmail.com

DIRECTOR SHRI MATI SANGAM SINGH | MANAGING DIRECTOR SRI ADITYA SINGH GAUTAM

Thursday, 03 September 2026

1. डोनाल्ड ट्रंप ने लेक ओंटारियो का नाम बदलकर लेक अमेरिका कर दिया है। इसी संदर्भ में हमें बताएं कि कौन सी नदी मुख्य निकास मार्ग का काम करती है, जिसके ज़रिए लेक ओंटारियो का पानी अटलांटिक महासागर में गिरता है?
(A) हडसन नदी (B) मिसिसिपी नदी
(C) मैकेंजी नदी (D) सेंट लॉरेंस नदी

2. सिंगापुर को 2025 में एशिया का सबसे शांतिपूर्ण देश घोषित किया गया है। इसी संदर्भ में बताइए, सिंगापुर का मुख्य द्वीप मलेशिया से किस जलडमरूमध्य द्वारा अलग होता है?
(A) सुंडा जलडमरूमध्य (B) मलक्का जलडमरूमध्य
(C) जोहोर जलडमरूमध्य (D) लोम्बोक जलडमरूमध्य

3. भारत ने गुजरात में पहली मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोल प्रणाली शुरू की है। इसी संदर्भ में, बताइए कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली, फास्टैग, किस तकनीक पर काम करती है?
(A) RFID तकनीक (B) GPS ट्रैकिंग
(C) QR कोड (D) NFC तकनीक

4. नई दिल्ली ने अगस्त 2026 में बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेज़बानी की। इसी संदर्भ में, बताइए कि प्रकाश पादुकोण ट्रॉफी किस खेल से संबंधित है?
(A) बैडमिंटन (B) हॉकी
(C) फुटबॉल (D) क्रिकेट

5. एडीबी ने ग्रामीण भारत में स्वच्छ खाना पकाने के लिए 6.5 मिलियन डॉलर दिए। अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में बताएं, निम्नलिखित में विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) कौन जारी करता है?
(A) विश्व बैंक (B) विश्व व्यापार संगठन
(C) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (D) एशियाई विकास बैंक

6. 54वां इंटरनेशनल एमी अवार्ड्स गाला नवंबर 2026 में आयोजित होने वाला है।
एमी पुरस्कारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –
(1) 1948 में कल्पना की गई, उद्घाटन एमी पुरस्कार समारोह 25 जनवरी, 1949 को हुआ।
(2) प्राची देसाई अंतर्राष्ट्रीय एमी निदेशालय पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय महिला फिल्म निर्माता बनीं।
(3) पुरस्कारों का चयन टेलीविजन कला एवं विज्ञान अकादमी द्वारा किया जाता है।
उपरोक्त में से कौन सा/से सही है/हैं?
(A) केवल (1) और (3) (B) केवल (1) और (2)
(C) केवल (2) और (3) (D) इनमे से कोई भी नहीं

7. हाल ही में, यूआईडीएआई ने खुलासा किया है कि आधार प्रमाणीकरण सेवाओं में महत्वपूर्ण रुकावट आई थी।
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -
(1) यूआईडीएआई गृह मंत्रालय के अधीन एक वैधानिक निकाय है।
(2) यूआईडीएआई आधार नामांकन और प्रमाणीकरण और पहचान जानकारी की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है।
(3) आधार नंबर पहचान का प्रमाण है जो किसी व्यक्ति को भारत की नागरिकता का अधिकार नहीं देता है।
उपरोक्त में से कौन सा/से सही है/हैं?
(A) केवल (1) और (3) (B) केवल (1) और (2)
(C) केवल (2) और (3) (D) इनमे से कोई भी नहीं

8. हाल ही में, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एयर इंडिया की धमकी पर एक खालिस्तानी आतंकवादी और सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के संस्थापक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।
राष्ट्रीय जांच एजेंसी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -
(1) राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) भारत में आतंक से निपटने के लिए भारत सरकार द्वारा स्थापित एक केंद्रीय एजेंसी है।
(2) एजेंसी को राज्यों की विशेष अनुमति के बिना राज्यों में आतंक संबंधी अपराधों से निपटने का अधिकार है।
(3) कोई राज्य सरकार केंद्र सरकार से किसी मामले की जांच एनआईए को सौंपने का अनुरोध कर सकती है।
उपरोक्त में से कौन सा/से सही है/हैं?
(A) केवल (1) और (3) (B) केवल (1) और (2)
(C) केवल (2) और (3) (D) इनमे से सभी

1-{D} - 2-{C} - 3-{A} - 4-{A} - 5-{C} - 6-{A} - 7-{C} 8-{D}

DAILY GENERAL STUDIES QUIZ

www.gyanshilaias.com gyanshilaiasindia@gmail.com
DIRECTOR SHRI MATI SANGAM SINGH | MANAGING DIRECTOR SRI ADITYA SINGH GAUTAM

Thursday, 03 September 2026

GEOGRAPHY

1. विश्व का सबसे ऊँचा जलप्रपात कौन-सा है?
(A) विक्टोरिया जलप्रपात
(B) नियाग्रा जलप्रपात
(C) एंजेल जलप्रपात
(D) इगुआज़ू जलप्रपात

2. "चीन का शोक" (China's Sorrow) किस नदी को कहा जाता है?
(A) यांग्त्से नदी
(B) नील नदी
(C) हुआंग हो नदी
(D) मेकॉन्ग नदी

3. विश्व का सबसे बड़ा अंतर्देशीय सागर कौन-सा है?
(A) काला सागर
(B) कैस्पियन सागर
(C) भूमध्य सागर
(D) बाल्टिक सागर

4. ध्रुवीय क्षेत्रों के बाहर विश्व का सबसे लंबा हिमनद कौन-सा है?
(A) गंगोत्री हिमनद
(B) फेडचेंको हिमनद
(C) सियाचिन हिमनद
(D) बाल्टोरो हिमनद

5. निम्नलिखित में से किस देश के सबसे अधिक आधिकारिक समय क्षेत्र (Time Zones) हैं?
(A) रूस
(B) संयुक्त राज्य अमेरिका
(C) फ्रांस
(D) कनाडा

6. विश्व की सबसे बड़ी खाड़ी कौन-सी है?
(A) हडसन खाड़ी
(B) बंगाल की खाड़ी
(C) मैक्सिको की खाड़ी
(D) फारस की खाड़ी

7. भारत और तिब्बत को जोड़ने वाला प्रमुख दर्रा कौन-सा है?
(A) नाथू ला दर्रा
(B) खैबर दर्रा
(C) बोलन दर्रा
(D) ज़ोजिला दर्रा

8. विश्व का सबसे शुष्क आबाद महाद्वीप कौन-सा है?
(A) एशिया
(B) ऑस्ट्रेलिया
(C) अफ्रीका
(D) यूरोप

9. निम्नलिखित में से कौन-सा एक अंतरमहाद्वीपीय (Transcontinental) देश है?
(A) नेपाल
(B) कज़ाख़स्तान
(C) श्रीलंका
(D) बांग्लादेश

10. निम्नलिखित में से किस महासागर की औसत लवणता सबसे अधिक है?
(A) प्रशांत महासागर
(B) हिन्द महासागर
(C) अटलांटिक महासागर
(D) आर्कटिक महासागर

1-{C}-2-{C}-3-{B}-4-{B}-5-{C}-6-{B}-7-{A}-8-{B}-9-{B}-10-{C}

GYANSHILA IAS
Learning Institute

DAILY STATIC GK ONE-LINERS

www.gyanshilaias.com gyanshilaiasindia@gmail.com

DIRECTOR
SHRI MATI SANGAM SINGH
MANAGING DIRECTOR
SRI ADITYA SINGH GAUTAM

Thursday, 03 September 2026

मानवाधिकार आयोग एवं राष्ट्रीय महिला आयोग

1. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC)

परिचय

- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (National Human Rights Commission–NHRC) की स्थापना **12 अक्टूबर 1993** को **मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993** (Protection of Human Rights Act, 1993) के अंतर्गत की गई।
- यह अधिनियम **28 सितम्बर 1993** से प्रभावी हुआ तथा **2019** में संशोधित किया गया।
- **मुख्यालय:** मानव अधिकार भवन, आई.एन.ए., नई दिल्ली में स्थित है।

संरचना (2019 संशोधन के बाद)

1. **अध्यक्ष** – वह व्यक्ति जो भारत का मुख्य न्यायाधीश (Chief Justice of India) या उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश (Judge of the Supreme Court) रहा हो।
2. **एक सदस्य** – जो उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश है या रह चुका हो।
3. **एक सदस्य** – जो किसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश है या रह चुका हो।
4. **तीन सदस्य** – मानवाधिकार क्षेत्र में ज्ञान अथवा व्यावहारिक अनुभव रखने वाले व्यक्ति, जिनमें **कम-से-कम एक महिला होना अनिवार्य है।**
5. **पदेन (Ex-officio) सदस्य** – राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग तथा मुख्य आयुक्त (दिव्यांगजन अधिकार) के अध्यक्ष।

NHRC
National Human Rights Commission

मुख्य कार्य

- मानवाधिकार उल्लंघन की शिकायतों की जांच।
- स्वत: संज्ञान (Suo Motu) लेना।
- जेलों एवं निरूद्ध संस्थानों का निरीक्षण।
- मानवाधिकार संबंधी कानूनों एवं नीतियों की समीक्षा।
- मानवाधिकार शिक्षा एवं जागरूकता का प्रसार।
- सरकार को सिफारिशें देना।

महत्वपूर्ण तथ्य

- NHRC की सिफारिशें बाध्यकारी (Binding) नहीं, बल्कि परामर्शात्मक (Recommendatory) होती हैं।
- आयोग किसी व्यक्ति को दंड देने का अधिकार नहीं रखता; वह केवल अनुशंसा करता है।
- प्रत्येक राज्य में राज्य मानवाधिकार आयोग (SHRC) का गठन किया जा सकता है।

2. राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW)

परिचय

- राष्ट्रीय महिला आयोग (National Commission for Women–NCW) की स्थापना **31 जनवरी 1992** को राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के अंतर्गत की गई।
- **मुख्यालय:** नई दिल्ली में स्थित है।

संरचना

1. 1 अध्यक्ष
2. 5 सदस्य
3. 1 सदस्य-सचिव

- **नियुक्ति** केंद्र सरकार द्वारा की जाती है।

NCW
National Commission for Women

मुख्य कार्य

- महिलाओं के अधिकारों के उल्लंघन की शिकायतों की जांच।
- महिलाओं से संबंधित कानूनों की समीक्षा एवं संशोधन की सिफारिश।
- दहेज, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न आदि मामलों में हस्तक्षेप।
- महिला अधिकारों के संबंध में जागरूकता एवं विधिक सहायता को बढ़ावा देना।
- सरकार को महिला कल्याण संबंधी नीतिगत सुझाव देना।

महत्वपूर्ण तथ्य

- आयोग को दीवानी न्यायालय (Civil Court) की कुछ शक्तियाँ प्राप्त हैं, जैसे गवाहों को बुलाना, दस्तावेज मांगना तथा साक्ष्य लेना।
- NCW की सिफारिशें भी परामर्शात्मक (Recommendatory) होती हैं; ये न्यायालय के आदेश की तरह बाध्यकारी नहीं हैं।

महत्वपूर्ण तथ्य

NHRC स्थापना: 12 अक्टूबर 1993	NCW अधिनियम: National Commission for Women Act, 1990
NHRC अधिनियम: Protection of Human Rights Act, 1993	दोनों आयोगों का मुख्यालय: नई दिल्ली
मुख्य संशोधन: Protection of Human Rights (Amendment) Act, 2019	NHRC एवं NCW की सिफारिशें: बाध्यकारी नहीं, केवल अनुशंसात्मक (Recommendatory)
NCW स्थापना: 31 जनवरी 1992	NCW को: दीवानी न्यायालय की कुछ शक्तियाँ प्राप्त हैं।

Thursday, 03 September 2026

घातक UCAV

समाचार में क्यों?

डीआरडीओ का **घातक UCAV** भारत का पहला स्वदेशी **स्टील्थ मानवरहित लड़ाकू विमान** है, जिसे उच्च जोखिम वाले हवाई अभियानों हेतु विकसित किया जा रहा है।

अर्थप्रकाशक: -

परिचय

- **घातक** भारत का स्वदेशी **स्टील्थ मानवरहित लड़ाकू हवाई वाहन (UCAV)** कार्यक्रम है।
- यह **जेट इंजन, स्वायत्त उड़ान और फ्लाइंग-विंग** विन्यास पर आधारित है।
- कार्यक्रम से जुड़े प्रारंभिक अवधारणा नामों में **AURA (Autonomous Unmanned Research Aircraft)** शामिल था।

DRDO द्वारा विकास

- कार्यक्रम का विकास **DRDO** के अंतर्गत किया जा रहा है।
- **वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (ADE), बेंगलुरु** इसकी प्रमुख प्रयोगशालाओं में से एक है।
- ADE ने **स्वायत्त फ्लाइंग-विंग प्रौद्योगिकी प्रदर्शक** विकसित किया है।

प्रकार एवं विन्यास

- **श्रेणी:** मानवरहित लड़ाकू हवाई वाहन (UCAV)।
- **विन्यास:** टेल-लेस/फ्लाइंग-विंग तथा **जेट/टर्बोफैन** प्रणोदन।
- **भूमिका:** स्वायत्त स्ट्राइक एवं शत्रु क्षेत्र में प्रवेश करने वाले मिशन।

उद्देश्य एवं आवश्यकता

- उच्च जोखिम वाले **मानवरहित स्ट्राइक अभियानों** के लिए स्वदेशी क्षमता विकसित करना।
- पायलटों को जोखिम में डाले बिना संवेदनशील सैन्य अभियानों को अंजाम देना।
- **स्वदेशी रक्षा तकनीक,** स्वायत्त नियंत्रण, एवियोनिक्स, एयरोडायनामिक्स और कंपोजिट तकनीक को बढ़ावा देना।

डिजाइन एवं प्रमुख विशेषताएँ

- **फ्लाइंग-विंग डिजाइन** में पारंपरिक पूंछ नहीं होती।
- कम रडार दृश्यता के लिए **स्टील्थ/लो-ऑब्जर्वेबल तकनीक** पर जोर दिया गया है।
- इसमें स्वायत्त उड़ान नियंत्रण, उन्नत एवियोनिक्स और **हल्के कार्बन-कंपोजिट ढांचे** जैसी तकनीकें शामिल हैं।

इंजन — कावेरी ड्राई इंजन

- इंजन विकास का कार्य DRDO की **गैस टर्बाइन रिसर्च एस्टैब्लिशमेंट (GTRE)** से जुड़ा है।
- **कावेरी ड्राई डेरिवेटिव** को UAV/UCAV अनुप्रयोगों के लिए विकसित किया गया है।
- ड्राई इंजन की अनुमानित क्षमता **49–51 kN थ्रस्ट** बताई गई है; इसे पूर्ण विकसित घातक और SWiFT प्रदर्शक से अलग समझना चाहिए।

हथियार एवं पेलोड

- घातक को **सशस्त्र स्ट्राइक UCAV** के रूप में विकसित करने की परिकल्पना है।
- इसमें **मिसाइल और सटीक-निर्देशित हथियारों** के उपयोग की संभावना है।
- डिजाइन में **आंतरिक हथियार कक्ष** की परिकल्पना स्टील्थ क्षमता बनाए रखने के लिए की गई है।

स्टील्थ तकनीक

- **फ्लाइंग-विंग → टेल-लेस डिजाइन → कम रडार परावर्तन → आंतरिक हथियार** स्टील्थ क्षमता में सहायक हैं।
- **15 दिसंबर 2023** को DRDO ने स्वदेशी स्वायत्त फ्लाइंग-विंग प्रौद्योगिकी प्रदर्शक का सफल परीक्षण किया।
- इस उपलब्धि से भारत फ्लाइंग-विंग तकनीक के नियंत्रण में दक्षता हासिल करने वाले देशों में शामिल हुआ।

GYANSHILA IAS
Learning Institute

MAP OF THE DAY BHARAT

www.gyanshilaias.com gyanshilaiasindia@gmail.com

DIRECTOR SHRI MATI SANGAM SINGH | MANAGING DIRECTOR SRI ADITYA SINGH GAUTAM

Thursday, 03 September 2026

जोजरी नदी (Jojari River)

परिचय

- जोजरी नदी राजस्थान की **83 किमी** (52 मील) लंबी **मौसमी** नदी है।
- इसका उद्गम नागौर जिले के **पूंडलू गॉव** के पास पहाड़ियों से होता है।
- प्रवाह दिशा : **उत्तर-पूर्व** से **दक्षिण-पश्चिम**।
- मार्ग में कई छोटी धाराओं से जल प्राप्त करती है।
- यह **जोधपुर** जिले के **खेझालदा खुर्द** के पास **लूणी नदी** में मिलती है।
- यह लूणी नदी की **सहायक नदी** है।

स्थान मानचित्र

लंबाई
83 किमी
(52 मील)

प्रवाह दिशा
उत्तर-पूर्व से
दक्षिण-पश्चिम

प्रकार
मौसमी नदी

सहायक नदी
लूणी नदी

प्रदूषण के प्रमुख कारण

- **बोरानाडा** की **700+ टेक्सटाइल** एवं **केमिकल फैक्टरियों** से बिना उपचारित औद्योगिक अपशिष्ट।
- **विषैले रसायन** : सल्फर, लेड (सीसा), कैडमियम सहित अन्य।
- **डोली** और **धावा** जैसे गॉवों का बिना उपचारित **सीवेज**।
- इससे नदी का जल अत्यधिक विषैला हो गया है।

प्रदूषण के दुष्परिणाम

- **100-150 किमी** क्षेत्र की कृषि भूमि बंजर हुई।
- 2024 के अध्ययन में खाद्यान्न में **लेड, कैडमियम** जैसे भारी धातु पाए गए।
- जल प्रदूषण से जीव-जंतुओं की मृत्यु, पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट।
- स्थानीय लोगों में श्वसन एवं त्वचा रोग बढ़े।
- भूजल **प्रदूषित** – लगभग **16 लाख** लोगों का स्वास्थ्य व आजीविका प्रभावित।
- मेलबा जैसे गॉवों से **पलायन** की स्थिति।

विरोध व जनआंदोलन

- कई वर्षों से स्थानीय ग्रामीण व सामाजिक कार्यकर्ता प्रदूषण के विरुद्ध आंदोलनरत।
- **मेलबा गॉव** के **वन्यजीव फोटोग्राफर श्रवण पटेल** (Shravan Patel) अग्रणी भूमिका में।

सरकारी कार्यवाही व स्थिति

- सरकार द्वारा आवंटन : 2023 – ₹400 करोड़, 2024 – ₹172.58 करोड़, 2025-26 – ₹176 करोड़।
- 2019 से अब तक **73 फैक्टरियाँ** बंद की गई, फिर भी अवैध dumping जारी।
- NGT के आदेश के बावजूद कमजोर प्रवर्तन व राजनीतिक विवाद के कारण प्रगति धीमी।
- जियोसाइकिल (Geocycle) की 2024 क्लीनअप योजना – प्रभाव अस्पष्ट।
- **2025 तक भी नदी अत्यधिक विषैली**, समाधान हेतु आवश्यक – सख्त नियम, उन्नत ट्रीटमेंट प्लांट, पारदर्शी धन-उपयोग।

श्रवण पटेल का प्रयास (संरक्षण मॉडल)

- **2022** में **ताल छलार** वन्यजीव अभ्यारण्य के 'खाइली' मॉडल से प्रेरित होकर मेलबा व धावा गॉवों में **12+ तालाब** (खाइली) बनाए।
- उद्देश्य – वन्यजीवों को प्रदूषित जोजरी जल पर निर्भरता से मुक्ति।
- 2024 में प्रदूषित जल पीने से **8 हिरणों** की मृत्यु हुई, परंतु परियोजना के बाद कोई मृत्यु नहीं हुई; **चिंकारा संख्या 38 से बढ़कर 46** हुई।
- व्हाट्सएप समूह 'एक रुपया प्रतिदिन, वन्यजीवों के नाम' – **1,000+** सहयोगी, रोजाना दान से तालाब निर्माण व रखरखाव।
- इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल – **50 मिलियन+ व्यू**; **30+** गॉवों में प्रेरणा।
- श्रवण पटेल का कथन – जोजरी काला हिरण, चिंकारा, लोमड़ी, सियार, भेड़िया, सांबर/साही आदि के लिए महत्वपूर्ण जल स्रोत, परंतु प्रदूषण से पशु मृत्यु के कई मामले।

कानूनी कार्यवाही

- **16 सितंबर 2025** को भारत के **सर्वोच्च न्यायालय** ने (न्यायमूर्ति विक्रम नाथ व संदीप मेहता की पीठ) जोजरी नदी में औद्योगिक अपशिष्ट प्रवाह पर स्वतः संज्ञान लिया।
- पर्यावरणीय क्षरण एवं **स्थानीय समुदायों** के लिए जोखिम का हवाला देते हुए मामला भारत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा गया।

GYANSHILA IAS
Learning Institute

MAP OF THE DAY WORLD

www.gyanshilaias.com gyanshilaiasindia@gmail.com

DIRECTOR SHRI MATI SANGAM SINGH | MANAGING DIRECTOR SRI ADITYA SINGH GAUTAM

Thursday, 03 September 2026

लारक द्वीप (Larak Island)

UPSC/परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण बिंदु

1 स्थान (Location)

- यह ईरान का एक छोटा द्वीप है, जो होर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) में स्थित है — फारस की खाड़ी (Persian Gulf) से सटा हुआ।
- यह बंदर अब्बास (Bandar Abbas) से लगभग 30–45 किमी दक्षिण-पूर्व में स्थित है।
- यह होर्मुज द्वीप के दक्षिण में और केश्म द्वीप (Qeshm Island) के पूर्व में स्थित है
- प्रशासनिक रूप से यह ईरान के होर्मोजगान प्रांत (Hormozgan Province), केश्म काउंटी के अंतर्गत आता है।
- होर्मुज जलडमरूमध्य का सबसे संकरा भाग (लगभग 39 किमी/ 24 मील) इसी द्वीप और ओमान के ग्रेट क्वॉइन द्वीप के बीच स्थित है।

लारक द्वीप का दृश्य



देश: ईरान

प्रांत: होर्मोजगान (Hormozgan)

काउंटी: क्रेश्म (Qeshm)

क्षेत्रफल: लगभग 49 वर्ग किमी (कुछ सोतों में 77 वर्ग किमी)

सबसे ऊँचा बिंदु: 138 मीटर

जनसंख्या: लगभग 1,000 (मुख्य बस्ती: लारक शहरी, जनसंख्या ~466)

मुख्य आर्थिक गतिविधियाँ: गोताखोरी (Diving), मछली पकड़ना, सीमित कृषि

2 भौगोलिक विशेषताएँ

यह एक साल्ट प्लग / साल्ट डोम (Salt Plug) है — इसकी सतह बलुआ पत्थर (Sandstone), रॉक साल्ट और आयरन ऑक्साइड से बनी है। इसमें ज्वालामुखीय पहाड़ियाँ भी हैं।

खनिज संसाधन: सल्फर, रेड ऑक्साइड, आयरन ओर, नमक।

सबसे ऊँचा बिंदु: 138 मीटर।

जनसंख्या: लगभग 1,000 (मुख्य बस्ती: लारक शहरी, जनसंख्या ~466)

मुख्य आर्थिक गतिविधियाँ: गोताखोरी (Diving), मछली पकड़ना, सीमित कृषि।

3 सामरिक महत्व (सबसे महत्वपूर्ण)

यह द्वीप होर्मुज जलडमरूमध्य पर स्थित है — जो फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ने वाला विश्व का सबसे महत्वपूर्ण समुद्री चोकपॉइंट (Chokepoint) है, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है।

अमेरिकी आर्मी वॉर कॉलेज के स्ट्रैटेजिक स्टडीज इंस्टिट्यूट के अनुसार, लारक, केश्म और होर्मुज — ये तीन द्वीप जलडमरूमध्य में सबसे महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

यह ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (IRGC) के लिए एक प्रमुख नौसैनिक व रसद अड्डा (Naval and Logistics Base) है, साथ ही एक द्वितीयक तेल भंडारण व स्थानांतरण केंद्र भी है।

यहाँ ईरान द्वारा फास्ट बोट, मिसाइल सिस्टम और समुद्री खदान (Sea-mine) संबंधी अवसंरचना तैनात की जाती रही हैं।

यह ईरान का दक्षिणतम भूभाग माना जाता है, इसलिए इसका सामरिक महत्व अत्यधिक है और इसके दक्षिणी तट सैन्य नियंत्रण में हैं।

4 हाल की घटनाएँ (अगस्त 2026)

- अगस्त 2026 में, अमेरिकी सेना (CENTCOM) ने लारक द्वीप पर हमला किया, जब ईरानी बलों को समुद्री खदानों (Sea Mines) से लैस रॉकेट लॉन्च करने की तैयारी करते देखा गया।
- यह हमला ईरान-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के संदर्भ में हुआ, साथ ही खार्ग द्वीप (Kharg Island) — जो ईरान का प्रमुख तेल निर्यात टर्मिनल है — पर भी हमले की धमकी दी गई।
- इसके जवाब में, ईरान ने क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई की।

5 ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

16वीं शताब्दी से लारक द्वीप कुछ समय के लिए पुर्तगालियों, ब्रिटिश और डच शासन के अधीन रहा।

शाह अब्बास (सफाविद वंश) के शासनकाल के दौरान लारक और होर्मोजगान के अन्य द्वीप वापस ईरानी संप्रभुता में लाए गए।

यहाँ पुर्तगाली किला (Larak Castle/ Larak Fortress) स्थित है, जो सफाविद युग में बना था — यह क्रेश्म और होर्मुज के पुर्तगाली किलों से भी बड़ा माना जाता है।

क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्य (Regional Context)

UPSC दृष्टिकोण: लारक द्वीप होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान की सामरिक उपस्थिति, ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री चोकपॉइंट और पश्चिम एशिया की भू-राजनीति को समझने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

www.gyanshilaias.com gyanshilaiasindia@gmail.com

DIRECTOR SHRI MATI SANGAM SINGH | MANAGING DIRECTOR SRI ADITYA SINGH GAUTAM

Thursday, 03 September 2026

1. अगस्त 2026 में भशिनि शिल्पी डेवलपर सत्र किस शहर में आयोजित किया गया था?
(A) पोखरा (B) काठमांडू
(C) ललितपुर (D) विराटनगर

2. किस संस्था ने भारत की Q1 FY 2026–27 की GDP का अनुमान जारी किया, जिसमें 7.8% वास्तविक GDP वृद्धि दिखाई गई है?
(A) भारतीय रिज़र्व बैंक
(B) नीति आयोग
(C) राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय
(D) वित्त आयोग

3. अगस्त 2026 में MSME सहयोग पर भारत-डेनमार्क संयुक्त कार्य समूह की चौथी बैठक कहाँ आयोजित की गई थी?
(A) स्टॉकहोम (B) कोपेनहेगन
(C) ओस्लो (D) हेलसिंकी

4. मर्चेंट पेमेंट के लिए भारत के UPI से जुड़ा UZQR, किस देश का नेशनल QR सिस्टम है?
(A) उज़्बेकिस्तान (B) कज़ाकिस्तान
(C) किर्गिज़स्तान (D) ताजिकिस्तान

5. अगस्त 2026 में कौन सा देश आर्टेमिस समझौते का 71वां हस्ताक्षरकर्ता बना?
(A) तुर्की (B) बहरीन
(C) इज़राइल (D) जॉर्डन

6. 1 सितंबर 2026 से Apple के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में टिम कुक की जगह किसने ली है?
(A) क्रेग फेडेरिघी (B) एडी क्यू
(C) जेफ विलियम्स (D) जॉन टर्नस

7. 2026 में 26वें SCO शिखर सम्मेलन की मेज़बानी किस देश ने की?
(A) कज़ाकिस्तान (B) उज़्बेकिस्तान
(C) किर्गिज़स्तान (D) ताजिकिस्तान

8. 31 अगस्त 2026 को निस्टार श्रेणी का दूसरा जहाज कौन सा जहाज भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था?
(A) आईएनएस विक्रांत
(B) आईएनएस कोलकाता
(C) आईएनएस शिवालिक
(D) आईएनएस निपुण

9. अगस्त 2026 में भारत के अपनी तरह के पहले 'ग्रीन फोर्ज कॉम्प्लेक्स' का उद्घाटन कहाँ किया गया था?
(A) बेंगलुरु, कर्नाटक (B) मोहाली, पंजाब
(C) हैदराबाद, तेलंगाना (D) पुणे, महाराष्ट्र

10. अगस्त 2026 में लॉन्च किया गया 'ज्ञानी अर्थ' (Gnani Artha) मुख्य रूप से किस टेक्नोलॉजी से जुड़ा है?
(A) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (B) ब्लॉकचेन
(C) रोबोटिक्स (D) बायोटेक्नोलॉजी

1-{B} - 2-{C} - 3-{B} - 4-{A} - 5-{A} - 6-{D} - 7-{C} - 8-{D} - 9-{B} -10-{A}